भारत सरकार

पेट्रोलियम और प्राकृतिक गैस मंत्रालय

लोक सभा

तारांकित प्रश्न संख्या: 101

दिनांक 09 **फरवरी**, 2023

एलपीजी सिलिंडरों की कीमत

†*101. **डॉ. कलानिधि वीरास्वामी**:

क्या **पेट्रोलियम और प्राकृतिक गैस** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे किः

(क) तमिलनाडु सहित देश में पिछले पांच वर्षों के दौरान परिवारों के बेचे गए सिलिंडरों की संख्या का ब्यौरा क्या है;

(ख) वर्तमान में देश में घरेलू सिलिंडरों के लिए ली जा रही कीमत का ब्यौरा क्या है;

(ग) क्या सरकार को इस बात की जानकारी है कि घरेलू सिलिंडरों की कीमत बहुत अधिक है जिससे देश में निम्न आय वर्ग के उपभोक्ताओं पर अतिरिक्त भार पड़ता है और यदि हां, तो इसके क्या कारण हैं;

(घ) क्या सरकार का एलपीजी घरेलू सिलिंडरों की कीमत पारिवारिक आय के आधार पर कम करने का विचार है जिसके अंतर्गत इसकी न्यूनतम कीमत 500 रुपए होगी; और

(ड.) यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है और यदि नहीं, तो इसके क्या कारण हैं?

उत्तर

पेट्रोलियम और प्राकृतिक गैस मंत्री

(**श्री हरदीप सिंह पुरी**)

(क) से (ड.): एक विवरण सदन के पटल पर रख दिया गया है।

'एलपीजी सिलिंडरों की कीमत' के बारे में संसद सदस्य डॉ. कलानिधि वीरास्वामी द्वारा दिनांक 09.02.2023 को पूछे गए लोक सभा तारांकित प्रश्न सं. 101 के भाग (क) से (ड.) के उत्तर में उल्लिखित विवरण।

(क) सार्वजनिक क्षेत्र की तेल विपणन कम्पनियाँ (ओएमसीज) 14.2 किलोग्राम और 5 किलोग्राम के पैक्ड घरेलू एलपीजी सिलेंडरों की बिक्री करती हैं। पिछले पाँच वर्षों अर्थात वर्ष 2017-18 से वर्ष 2021-22 के दौरान, ओएमसीज ने तमिलनाडु में 64.53 करोड़ (14.2 किलोग्राम के 64.44 करोड़ एवं 5 किलोग्राम के 0.09 करोड़) सिलेंडरों सहित पूरे देश में 816.28 करोड़ (14.2 किलोग्राम के 814.82 करोड़ एवं 5 किलोग्राम के 1.46 करोड़) सिलेंडरों की बिक्री की है।

(ख) दिनाँक 01.02.2023 की स्थिति के अनुसार, दिल्ली में घरेलू एलपीजी सिलेंडर (14.2 किलोग्राम) का खुदरा बिक्री मूल्य (आरएसपी) 1053/- रुपए है। अन्य राज्यों के मामले में, एलपीजी के लिए आरएसपीज में अंतर के मुख्य कारण संबंद्ध पत्तनों और भरण संयंत्रों के बीच की दूरी और इसके परिणामस्वरूप एलपीजी की परिवहन लागत आदि हैं।

(ग) से (ङ) भारत अपनी घरेलू एलपीजी खपत के 60% से अधिक का आयात करता है। औसत सऊदी सीपी मूल्य, जिन पर एलपीजी के मूल्य आधारित हैं, वर्ष 2019-20 के दौरान 454 यूएस डॉलर/एमटी से बढ़कर वर्ष 2021-22 के दौरान 693 यूएस डॉलर/एमटी हो गए हैं। वर्ष 2022-23 के दौरान फरवरी, 2023 तक औसत सऊदी सीपी और बढ़कर 710 यूएस डॉलर/एमटी हो गया है। सरकार घरेलू एलपीजी के उपभोक्ताओं के लिए प्रभावी मूल्य को आवश्यकतानुसार घटाती-बढ़ाती रहती है। सार्वजनिक क्षेत्र की तेल विपणन कंपनियों को घरेलू एलपीजी की बिक्री पर काफी हानि हुई है। इस हानि की भरपाई करने के लिए सरकार ने हाल ही में ओएमसीज़ को 22,000 करोड़ रुपए के एकबारगी मुआवजे को अनुमोदित किया है। सरकार ने वर्ष 2022-23 के लिए दिनाँक 21 मई, 2022 से प्रधानमंत्री उज्ज्वला योजना (पीएमयूवाई) लाभार्थियों को अधिकतम 12 रीफिल तक 200/- रुपये प्रति 14.2 कि.ग्रा. सिलेंडर की निर्धारित राजसहायता शुरू की है।

****